पुस्तकालय

(2)
3237
17/8/12

सत्यमेव जयते

असंशोधित

18 AUG 2012

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 2–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर रहित)

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्रे०मं० 1343 तिथि 17/8/12

बि० स० मु० (राजभाषा वादवृत्त) —ग्री०एल०—1,500

टर्न-17/08.8.2012/बिपिन

डॉ0 भीम सिंह, मंत्री: ठीक है महोदय, हमने कहा है, प्रतिवेदन आने पर इस पर विचार करेंगे । माननीय सदस्य आश्वस्त रहें । तत्काल संकल्प वापस लेने की कृपा करें । हम आगे इस पर कार्रवाई करेंगे ।

श्री गोपालजी ठाकुर : धन्यवाद । मैं अपना संकल्प वापस लेता हूं ।

उपाध्यक्ष : सदन की सहमति से माननीय सदस्य श्री गोपालजी ठाकुर का प्रस्ताव वापस हुआ ।

क्रम संख्या:12. श्री गिरिधारी यादव, स0वि0स0

(इस अवसर पर माननीय सदस्य श्री गिरिधारी यादव,स0वि0स0 अनुपस्थित।)

उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य श्री सोने लाल हेम्ब्रम हैं क्या ?

(इस अवसर पर माननीय सदस्य श्री सोने लाल हेम्ब्रम,स0वि0स0 अनुपस्थित।)

क्रम संख्या:13. श्री श्रवण कुमार, स0वि0स0

श्री श्रवण कुमार : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि –

''यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह नालन्दा जिला के अन्तर्गत राजगीर के आयुध कारखाना के चारो इकाई को इसी वित्तीय वर्ष में चालू कराने हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव भेजे ।''

श्रीमती रेणु कुमारी,मंत्री: महोदय, नालन्दा जिलान्तर्गत राजगीर में आयुध कारखाना का निर्माण भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा की जा रही है । कारखाना की स्थापना, प्रगति, उत्पादन एवं विस्तार भारत सरकार के निर्णय एवं निर्धारित प्रक्रिया के अन्तर्गत होना है । फिर भी इस संबंध में राज्य सरकार के स्तर पर भारत सरकार को अभिस्ताव भेज दिया जाएगा ।

श्री श्रवण कुमार : उपाध्यक्ष महोदय, यह बहुत महत्वपूर्ण योजना है महोदय...

उपाध्यक्ष : आपकी बात मान लिया उन्होंने ।

श्री श्रवण कुमार: माननीय मंत्री जी के आश्वासन के आलोक में मैं अपना प्रस्ताव वापस लेता हूं । माननीय मंत्री जी को धन्यवाद, प्रस्ताव भेजने के लिए ।

उपाध्यक्ष : सदन की सहमति से माननीय सदस्य श्री श्रवण कुमार जी का प्रस्ताव वापस हुआ ।

क्रम संख्या:14. श्री मोती लाल प्रसाद, स0वि0स0

श्री मोती लाल प्रसाद: उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि –